विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम गुरुवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-01 का उत्तर-

---

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 01(क)- क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि प्रदेश में लगातार मरीजों की संख्या बढ़ रही है? | जी हाँ। प्रदेश में बेहतर जाँच और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होने से अधिक संख्या में मरीज चिकित्सकीय सुविधाओं को अच्छे ढ़ंग से प्राप्त कर रहे हैं। |
| (ख) यदि हाँ, तो सरकार की तरफ से बीमारी कम करने की रोकथाम हेतु कौन कौन सी योजनायें प्रचलित है और पिछले दो साल में स्वीकृत पदों के सापेक्ष कितने चिकित्सकों के पदों को बढ़ाया गया है? | 1- वर्तमान में राज्य सरकार की ओर से बीमारी कम करने की रोकथाम हेतु निम्न योजनाएं संचालित है :-<br>(1) मातृ एवं शिशु कल्याण कार्यक्रम।<br>(2) राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम।<br>(3) जननी सुरक्षा कार्यक्रम।<br>(4) जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम।<br>(5) नियमित टीकाकरण कार्यक्रम।<br>(6) परिवार नियोजन कार्यक्रम।<br>(7) राष्ट्रीय किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम।<br>(8) एन0पी0एन0सी0डी0 कार्यक्रम।<br>(9) राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम।<br>(10) एनीमिया मुक्त भारत अभियान।<br>(11) राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम।<br>(12) संचारी रोग नियंत्रण अभियान।<br>(13) सुरक्षित मातृत्व स्वास्थ्य अभियान।<br>(14) राष्ट्रीय अन्धता निवारण कार्यक्रम।<br>(15) कुष्ठ रोग निवारण कार्यक्रम, एवं अनेक जागरुकता कार्यक्रम सम्मिलित है।<br>2- विगत दो साल (वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24) में चिकित्सकों के 512 नवीन पदों का सृजन कर चिकित्सकों के पदों को बढ़ाया गया है। |
| (ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ब्रजेश पाठक**
**उप मुख्यमंत्री।**